अगस्त क्रांति दिवस मनाया

उदयपुर, (निसं)। केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय ,सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ,भारत सरकार उदयपुर की ओर से अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर पीएम श्री राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में जागरूकता कार्यक्रम और प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कमांडर शकील अहमद, कमांडिग ऑफिसर ,नेवल यूनिट एनसीसी ने कहा की इस क्रांति ने हमें यह सिखाया कि जब हम एकजुट होकर किसी उद्देश्य के लिए खडे होते हैं, तो कोई भी शक्ति हमें रोक नहीं सकती हैं । उन्होंने कहा की अगस्त क्रांति केवल एक आंदोलन नहीं थी, यह भारतीय जनता की आत्मशक्ति, उनके साहस और उनके आत्मसम्मान का प्रतीक थी ।

अध्यक्षता हुए प्रधानाचार्य चेतन पानेरी ने कहा की अगस्त क्रांति के दोरान गांधी जी ने भारत छोडो आंदोलन एवं करो या मरो के नारे दिए इन नारो ने जन-जन में जोश भर दिया और वे ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता पाने के लिए एकजुट हो गए । प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने कहा कि अगस्त क्रांति की शुरुआत 8 अगस्त 1942 को हुई, जब महात्मा गांधी ने मुंबई के ग्वालिया टैंक मैदान में भारत छोडो का नारा दिया ।

11 हजार कावडियों ने किया उभयेश्वर महादेव का अभिषेक

- **अरावली की उपत्यकाओं में गूंजा महादेव का जयकारा**

उदयपुर,(निसं)। देश में सुख शांति एवं अच्छी वर्षा की कामना को लेकर शिव महोत्सव समिति की ओर से 51 कार्यकर्ताओं के साथ 2006 में मेवाड में पहली बार शुरू की गई कावड यात्रा ने आज अपना विराट स्वरूप ले लिया है। समिति की ओर से शुक्रवार को 19वीं कावड यात्रा निकाली गई। भारी पुलिस जाब्ते के बीच हजारों की संख्या में महिलाए पुरूष ने 5 हजार वर्ष पुराने गंगा के चौथे पाये गंगु कुंड से पानी भर शहर के विभिन्न मार्गों से होती 21 किलोमीटर पैदल चल उभयेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहाँ 11 हजार से अधिक कावडियों ने व महादेव के भक्तों ने महादेव का अभिषेक किया।

अभिषेक के समय कावडों को लम्बा इंतजार करना पडा। कावड यात्रा में महिलाओं की भागीदारी अधिक रही। अध्यक्ष यज्ञ नारायण शर्मा ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ तांबे के कलश में भरे सात नदियों के पवित्र जल की मुख्य अतिथि नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड,शहर विधायक ताराचंद जैन, जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, देहात अध्यक्ष चन्द्रगुप्त सिंह चौहान,पूर्व अध्यक्ष दिनेश भट्ट, भंवर सिंह पंवार, प्रेम सिंह शक्तावत, नरेन्द्र मीणा, कमलेन्द्र सिंह पंवार, तख्तसिंह, मनोहर चौधरी, महेश भावसार, रामकृपा शर्मा,जगत शर्मा , आकाश बागरेचा, एडवोकेट मनीष शर्मा,देवीलाल गुर्जर,देवी सिंह सिसोदिया, घनश्याम सिंह सोलंकी, सुरेश रावत, डॉ.ओम साहू, पुरूषोतम पारासर ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर शुभ मुहूर्त में कावड यात्रा को रवाना की। पूरे रास्ते कावडिये महादेव के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। पूरे रास्ते कावड यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। पहला कावडिया 10.45 बजे पहुंच महादेव का जलाभिषेक किया। सायं 04 बजे तक कावडयि आते रहे। शोभागपुरा मित्र मंडल के सदस्यों ने 51 किलो जल की कावड ले पूरे रास्ते बारी बारी से लेते हुए चल रहे थे।

यज्ञ नारायण शर्मा ने बताया कि उभयेश्वर मंदिर में 21 विद्वान पंडितों द्वारा महारूद्राभिषेक किया गया जिसमें समाजसेवी वरदी चंद चौधरी के सानिध्य में जजमानों ने जोडों के साथ अभिषेक में भाग लिया।कावड यात्रा में खुली जीप के आगे तांबे के बडे कलश में गंगोत्री, जमनोत्री, माना बोर्डर, सरस्वती, कैलाश मानसरोवर, भागीरथ नदी, मंदाकिनी के जल को भरकर रखा गया जिसका पुरे रास्ते भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की। प्रशासन पुरी तरह मुस्तैदी के साथ कावड यात्रा में लगा रहा। यात्रा के आगे पुलिस गाडी, व उसके पीछे मोटर बाईक महिला पुलिसकर्मी, उसके पीछे पुलिस पैदल कावडियों के साथ चल रही थी।

कावड यात्रा के आगे व पिछे पुलिस का जाब्ता पैदल चल रहा था।मिडिया प्रभारी कृष्णकांत कुमावत ने बताया कि कावडिये सुबह 6 बजे से ही अपने अपनेवाहनो से गंगु कुण्ड परिसर में आना शुरू हो गये थे जहाँ गंगु विकास समिति के अध्यक्ष महेश भावसार व उनके कार्यकर्ताओं ने कावडयिो के लिए चाय व नाश्ते की व्यवस्था की गई। यात्रा संयोजक रामकृपा शर्मा ने बताया कि इस बार 11 हजार कावड तैयार की गई थी लेकिन वे भी इस बार कम पड गई और कई कावडिये जो लैट आये उन्हे निराशा हुई। लेट आये कावडियें को प्लास्टिक की थेली में पवित्र जल को दिया और महोदव मंदिर में लोटे की व्यवस्था की गई। रास्ते में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनो द्वारा कावडियों के लिए पानी, बिस्कीट, कुल्फी,आईसक्रीम नीम्बू पानी,फल की व्यवस्था की गइ। कावडिये 21 किलोमीटर का सफर तय कर उभयेश्वर महादेव पहुंचे जहा महादेव का पवित्र जल से अभिषेक किया। उभयेश्वर सत्संग मंडल की ओर से भक्तो के लिए भजन संध्या का संध्या का भी आयोजन किया गया।

उभयेश्वर मंदिर परिसर में उभयेश्वर सत्संग मंडल की ओर से मातारानी की झांकियो के साथ माता के भजन गये साथ ही सात दिवसीय समारोह में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं का मंडल की ओर से अध्यक्ष देवी सिंह ने सभी का उपरणा, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उदयपुर से उभयेश्वर तक की निकलने वाली कावड यात्रा के कावडिये एवं मंदिर में आने वाले भक्तों के लिए विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें 20 हजार से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

स्मार्ट गांव हीनता में वृक्षा रोपण

उदयपुर, (निसं)। राज्यपाल स्मार्ट विलेज पहल के अंतर्गत महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि उदयपुर द्वारा चयनित गांव हीनता में वृक्षा रोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

डाक्टर आर एस राठौड समन्वय ने बताया कि राजस्थान कृषि महाविद्यालय के रावे के अंतर्गत 55 छात्रों द्वारा गांव हीनता में पर्यावरण जागरूकता की रैली निकाली गई। जिसमे बच्चो ने जल संरक्षण एवं वृक्षों के महत्व की जानकारी दी। प्रहलाद सोनी विद्या भवन कृषि विज्ञान केंद्र बडगांव ने इस गांव में चलाए जा रहे जल संरक्षण पर मारवी प्रोजेक्ट की जानकारी सांझा की साथ ही उन्होंने बताया की 32 कृषकों की भूजल समिति कार्य कर रही है। करण सिंह कृषि विज्ञान केंद्र वल्लभनगर ने बताया की एक पेड मां के नाम के अंतर्गत प्रत्येक छात्र द्वारा एक एक पेड लगाया गया। समिति के किसानों द्वारा भी 105 पेड विभिन्न प्रजाति के लगाए गए। इस अवसर पर जगदीश जी भट्ट, प्रभु लाल जी भट्ट, नारायण लाल भट्ट और रतन देवी और मांगी देवी पौध रोपण में सहभागी बने एवं इन पेडों को देखरेख करने का आश्वासन दिया। अंत में नानू राम ने सभी संभागियो का धन्यवाद ज्ञापित किया।

निःशुल्क डायबिटीज जांच शिविर

उदयपुर, राजकीय आदर्श औषधालय सिन्धी बाजार में शुक्रवार को महर्षि चरक जयंती के अवसर पर निःशुल्क डायबिटीज जांच शिविर का आयोजन किया गया। औषधालय प्रभारी डॉ.शोभालाल औदिच्य ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। शिविर में रोगियों की जांच की व उचित परामर्श दिया। शिविर में उपस्थित सभी लोगों ने चिकित्सा परामर्श के साथ निशुल्क डायबिटीज जांच का लाभ उठाया। कार्यक्रम में योगी अशोक जैन, प्रेम जैन, भरत स्वर्णकार, मंजू शर्मा, सीमा मेहता, रचित स्वर्णकार, जितेन्द्र बेबल, भानु बापना, राकेश ताम्बी, कमला ताम्बी, कंचन कुमार डामोर और भगवती लाल लोधा उपस्थित रहे।

राजस्थान-सरकार

कार्यालय खनि अभियन्ता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, राजसमंद खण्ड प्रथम

खनिज भवन आर.के. राजकीय चिकित्सालय के सामने, बाईपास रोड, राजसमंद

दूरभाष व फैक्स: 02952-220190, EMAIL:-me.rajsamand1@rajasthan.gov.in

क्रमांकः खअ/राज-1/सीसी-IV/एमआर/एम.एल-46/2009/ दिनांक :- 24-7-2024

आम सूचना नोटिस

निकट ग्राम गारियावास तहसील व जिला राजसमन्द में खनिज मेसेनरी स्टोन का खनन पट्टा 46/2009 श्री हरिनारायण जोशी पुत्र श्री नारायणलाल जोशी निवासी-डिप्टी तहसील व जिला राजसमन्द (राज.) के पक्ष में अवधि दिनांक 29.04.2010 से 50 वर्ष तक के लिये स्वीकृत है, चूंकि खनन पट्टाधारी श्री हरिनारायण जोशी की मृत्यु दिनांक 04.05.2024 को हो जाने से उक्त खनन पट्टे का नामान्तरण श्री गौरव जोशी पुत्र श्री हरिनारायण निवासी-डिप्टी, सुन्दरचा, तहसील व जिला राजसमन्द (राज.) के पक्ष में नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/परेशानी हो तो 15 दिवस में ऊपर अंकित पते पर लिखित में आपत्ति दर्ज करावें।

आज्ञा से -स.खनि.अभियन्ता
राजसमन्द खण्ड-प्रथम

संख्या 47/2/2023-प्रशासन-1

भारत सरकार

नीवन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

अटल अक्षय ऊर्जा भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सामने, लोधी रोड, नई दिल्ली-110 003

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध आधार पर वैज्ञानिक 'एफ' (03 पद) और वैज्ञानिक 'जी' (03 पद) के पद को भरने हेतु वैज्ञानिक 'एफ' के लिए स्तर 13ए (131100-216600/- रुपये) और वैज्ञानिक 'जी' के लिए स्तर 14 (144200-218200/- रुपये) में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। रिक्तियों से संबंधित संपूर्ण जानकारी नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की वेबसाईट "www.mnre.gov.in" पर ऊपलब्ध हैं।

निम्नलिखित पते पर निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन हैं।

(अरुनव सेनगुप्ता)
अवर सचिव, भारत सरकार

CBC 28101/11/0002/2425

रक्षकों के लिए भेजे रक्षा सूत्र

- **एक राखी सैनिक के नाम अभियान का पहला पार्सल गलवान के प्रहरियों को भेजा**

उदयपुर, (निसं)। देश की रक्षा के लिए समर्पित जवानों के प्रति प्रेम और अपनत्व की भावना प्रकट करने के लिए राजस्थान वनवासी कल्याण आश्रम से संबंधित नम्रता कौशल विकास केंद्र और नम्रता प्राथमिक महिला बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति की ओर से प्रति वर्ष की भांति एक राखी सैनिक के नाम अभियान का शुभारंभ किया गया। इसके तहत ब्रांड कमली ट्राइब्स की महिलाओं द्वारा तैयार 400 राखियों का पहला पार्सल गलवान की दुर्गम सीमाओं पर पहरा दे रहे जवानों के नाम रवाना किया।

उल्लेखनीय है कि कमली ट्राइब्स महिलाओं को उनकी रचनात्मकता को उजागर करके उन्हें सशक्त बनाने की सामाजिक पहल है। कमली ट्राइब्स का उद्देश्य सामाजिक आर्थिक स्थिति का उत्थान करना है। ब्रांड कमली ट्राइब्स अत्यधिक कुशल और प्रशिक्षित जनजाति का शिल्प महिलाओं द्वारा उत्पादित उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प के एक विशेष संग्रह का प्रतिनिधित्व करता है। नम्रता कौशल विकास केन्द्र की अध्यक्ष व बप्पा रावल पत्रिका की प्रधान संपादक डॉ. राधिका लड्ढा और नम्रता कौशल विकास केंद्र संचालिका सरला मूंदड़ा ने आज केंद्र पर सहयोगियों के साथ जनजाति बहिनों द्वारा तैयार की गई राखियों के पार्सल तैयार किये।

अभियान के तहत राजस्थान वनवासी कल्याण आश्रम के सभी कार्यकर्ताओं ने 400 राखियों सहित अपने शुभ संदेश गलवान की सीमाओं पर पहरा दे रहे जवानों के लिये तैयार कर प्रेषित किए। इस दौरान कमली ट्राइब्स की बहनों ने प्रेषित पत्र में अपनी भावाभिव्यक्ति की। बहनों ने अन्य महिलाओं से भी इस पहल का हिस्सा बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि राखी के रेशमी धागों के माध्यम से हम हमारे देश की रक्षा में अहर्निश तैनात जवानों के प्रति अपने प्यार, कृतज्ञता और भावनात्मक बंधन का परिचय दे सकते हैं। नम्रता कौशल विकास केन्द्र की अध्यक्ष व बप्पा रावल पत्रिका की प्रधान संपादक डॉ. राधिका लड्ढा ने बताया कि 1952 में स्थापित हुए अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा देश के सभी राज्यों के 384 वनवासी जिलों, 1398 विकास खंडों व 17 हजार 394 गांवों में 22 हजार 152 प्रकल्पों के माध्यम से वनवासियों के उत्थान के कार्य किए जा रहे हैं। कमली ट्राइब्स भी जनजाति महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों का ब्रांड है । ब्रांड के माध्यम से जनजाति महिलाओं के हुनर को तराशने का कार्य भी किया है।

आदिवासी दिवस मनाया

उदयपुर, 9 अगस्त। समिधा दृष्टि दिव्यांग मिशन की ओर से महाविद्यालय के दृष्टिहीन छात्रों के लिए गोवर्धन विलास सामुदायिक केंद्र में संचालित छात्रावास में शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस पर संवाद परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम की विशेषता थी कि यहां अध्ययनरत सभी वर्ग व समाज के विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से उल्लास के साथ भाग लिया।

मुख्य अतिथि उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन थे। अध्यक्षता समाजसेवी चंद्रगुप्त सिंह चौहान ने की। इस अवसर पर दृष्टिबाधित छात्र देवेंद्र मीणा, मुकेश जाट आदि ने अपने संबोधन में कहा कि अब तक दूर- दराज के क्षेत्र में रहने वाला जनजाति का सामान्य एवं निर्धन वर्ग का परिवार स्वयं को उपेक्षित महसूस करता था। लेकिन, कुछ सालों पहले जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने आदिवासी परिवार की द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति के पद पर आसीन किया।

उसके बाद से जनजाति का उपेक्षित महसूस करने वाले वर्ग का आत्मविश्वास बढा है। विधायक ताराचंद जैन ने अपने संबोधन में दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को विश्वास दिलाया कि वे उनकी डिग्री होने के बाद सरकारी नौकरी अनिवार्य रूप से लगे इसके लिए हर हर संभव प्रयास करेंगे।

सगसजी के जन्मोत्सव पर दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु



उदयपुर के सर्वऋतु विलास स्थित सगसजी मंदिर में दर्शन में श्रद्धा का ज्वार।

उदयपुर, (निसं)। मेवाड के जन-जन की आस्था के केंद्र लोकदेवता सगसजी का जन्मोत्सव शुक्रवार को मनाया गया। राजसमन्द विधायक विश्वराज सिंह मेवाड ने भी शहर के सर्वऋतु विलास स्थित सगसजी मंदिर में बावजी के दर्शन किये।

मंदिर पुजारी प्रकाश दशोरा ने बताया की यहाँ सुबह सात बजे से जन्मोत्सव के दर्शन शुरू हुए। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बावजी को विशेष श्रृंगार के तहत स्वर्ण बरक, रजत बरक, रजत डंका, मोठडा, इमली, चंद्रमा, छत्र, चंवर, तलवार, ढाल, इत्यादि धारण करवाये गए। इस श्रृंगार के साथ सगसजी का अलौकिक स्वरुप देखते ही बन रहा था। सुबह 9.30 बजे ध्वजारोहण, श्रृंगार एवं भोग आरती हुई। मंदिर पर दोपहर में महिला श्रद्धालुओं के दर्शनों की विशेष व्यवस्था की गई थी। शाम को पुरुष एवं महिलाओं के क्रमवार दर्शनों की व्यवस्था की गई। श्री सगस जी बावजी भक्त मंडल, सर्वऋतु विलास द्वारा आशा धाम आश्रम एवं अन्य विद्यालय के निराश्रित बच्चों को भोजन करवाया गया। मंदिर पुजारी ने बताया कि 10 अगस्त को भी बावजी के जन्मोत्सव के श्रृंगार के दर्शन होंगे। शनिवार रात्रि को मंदिर परिसर में हीर जवाडी, राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन भी होंगे, 11 अगस्त को भव्य श्रृंगार के साथ जन्मोत्सव का कार्यक्रम संपन्न होगा। मंदिर मंडल की तरफ से दर्शन के लिए आने वाले भक्तो को बावजी राज की तस्वीर भेट की गयी और प्रसाद का वितरण किया गया। इधर विशेष बैंड ने भी अपनी प्रस्तुति दी, बैंड के प्रमुख कमलेश दमामी ने बताया की कई वर्षों से हमारे पूर्वज बावजी राज के जन्मोत्सव पर अपने बैंड की प्रस्तुति देते आ रहें है।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

मंडल शस्त्रा विभाग, तृतीय तल, एलआईसी भवन, सब सिटी सेन्टर रेती स्टैंड, उदयपुर, राजस्थान, ई-मेल: cs8328@pnb.co.in

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]
सांकेतिक कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि

अधोहस्ताक्षरकर्ता **श्री पंकज यादव** ने **पंजाब नैशनल बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 सपठित, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में ऋणी **श्रीमती हीना सोनी पत्नी श्री लविश सोनी** पर मांग सूचना **दिनांक 13.05.2024** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 30.04.2024 को बकाया राशि रू. 9,15,938.87 (रूपये नौ लाख पन्द्रह हजार नौ सौ अड़तीस एवं पैसे सतासी मात्र) प्लस दिनांक 01.05.2024 से ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 05, माह अगस्त, वर्ष 2024** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है।

कर्जदारों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 31.07.2024 को बकाया राशि रू. 9,36,420.75 (रूपये नौ लाख छतीस हजार चार सौ बीस एवं पैसे पचहतर मात्र) प्लस दिनांक 01.08.2024 से ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **पंजाब नैशनल बैंक, शाखा कार्यालय-बांसवाड़ा (128610)** के प्रभार के अधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

श्रीमती हीना सोनी पत्नी श्री लविश कुमार सोनी के नाम आवासीय मकान प्लॉट नं. 27 जो कांकराडूंगरी, बांसवाड़ा (राजस्थान) पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 450 वर्ग फीट है। **सीमाएं-** पूर्व: प्लॉट नं. 28, पश्चिम: प्लॉट नं. 26, उत्तर: रोड़ 30, दक्षिण: प्लॉट नं. 44

स्थान: उदयपुर
दिनांक: 05.08.2024

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी/मुख्य प्रबंधक
पंजाब नैशनल बैंक

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

विधि/वसूली विभाग, मंडल कार्यालय, उदयपुर, एलआईसी भवन तीसरा तल, सबसिटी सेन्टर, रेती स्टेण्ड के पास, उदयपुर
फोन नंबर: 0294-2688008/09/22/26, ई-मेल: cs8328@pnb.co.in

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि

अधोहस्ताक्षरकर्ता **श्री शैलेन्द्र कुमार वर्मा** ने **पंजाब नैशनल बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 सपठित, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में ऋणियों **श्री हेमन्त सिंह मोजावत पुत्र श्री लेहर सिंह मोजावत एवं जमानतदार श्री हरदयाल सिंह मोजावत पुत्र श्री लेहर सिंह** पर मांग सूचना **दिनांक 08.05.2024** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 30.04.2024 को बकाया राशि रू. 3,02,279.23 (रूपये तीन लाख दो हजार दो सौ उन्नासी एवं पैसे तेइस मात्र) प्लस दिनांक 01.05.2024 से ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 05, माह अगस्त, वर्ष 2024** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।

कर्जदारों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 30.04.2024 को बकाया राशि रू. 3,02,279.23 (रूपये तीन लाख दो हजार दो सौ उन्नासी एवं पैसे तेइस मात्र) प्लस दिनांक 01.05.2024 से ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **पंजाब नैशनल बैंक, शाखा नाथद्वारा, राजसमन्द, राजस्थान** के प्रभार के अधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री हेमन्त सिंह मोजावत पुत्र श्री लेहर सिंह के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति आराजी नं. 4604/1600 जो बस स्टेण्ड के पास, गांव खमनोर, जिला राजसमन्द, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1056 वर्ग फीट है। **सीमाएं-** उत्तर: रास्ता, दक्षिण: इंदिरा लाल खटीक का प्लॉट, पूर्व: मदन सिंह का मकान, पश्चिम: भैरू लाल सोनी का मकान

स्थान: राजसमन्द
दिनांक: 05.08.2024

हस्ता.
(शैलेन्द्र कुमार वर्मा)
प्राधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक

बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञों की कॉन्फ्रेंस का आगाज

- **मैकेनिकल वेन्टीलेशन एवं पॉइंट ऑफ़ केयर अल्ट्रासाउंड पर वर्कशॉप आयोजित**

उदयपुर, (निसं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के बाल एवं शिशु रोग विभाग,आईऐपी इन्टेन्सिव केयर चैप्टर इण्डिया एवं इण्डियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में पीडियाट्रिक क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेस 'लेकसिटी पिडक्रिटकॉन 2024 आज से शुरू हुई। दो दिवसीय कॉन्फ्रेस के पहले दिन मैकेनिकल वेन्टीलेशन एवं पॉइंट ऑफ़ केयर अल्ट्रासाउंड पर वर्कशॉप का आयोजन किया।

आयोजक सचिव डॉ. पुनीत जैन ने बताया कि मैकेनिकल वेन्टीलेशन एवं पॉइंट ऑफ़ केयर अल्ट्रासाउंड वर्कशॉप का उदघाटन आरएनटी के बाल एवं शिशु रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.लाखन पोसवाल, पीएमसीएच के प्रिसिंपल एवं डीन डॉ.एम.एम.मंगल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ.सुनीता माहेश्वरी,कॉन्फ्रेस के चेयरमेन डॉ.सुधीर मावडिया,सचिव डॉ. पुनीत जैन एवं डॉ.रवि भाटिया ने किया।

बाल चिकित्सा में महत्वपूर्ण देखभाल के उद्देश्य से इन कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यशालाओ को देश भर के प्रमुख वाल एवं शिशु रोग ने अपने अनुभव साझा किए। कॉन्फ्रेस में मैकेनिकल वेंटिलेशन और बाल रोगियों की देखभाल में अत्याधुनिक तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। जो निस्संदेह पूरे क्षेत्र में बाल चिकित्सा देखभाल को बेहतर बनाने में योगदान देगा। इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कार्य कर रहे शिशुरोग विशेषज्ञों को बाल एवं शिशुओं के क्रिटिकल केयर पर नवीन तकनीकों से रूबरू कराना है। कार्यशालाओ में बिषयपरख शोधपत्रों का वाचन के साथ उन पर गंभीरता से विचार विर्मश किया गया। कॉन्फ्रेस के सह सचिव डॉ. सन्नी मालवीय एवं डॉ.पलक जैन ने बताया कि दोनो कार्यशालाओं में पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के प्रोफेसर डॉ. अरुण बंसल, एलएचएमसी दिल्ली में बाल रोग की प्रोफेसर डॉ. शालू गुप्ता, एम्स रायपुर से डॉ. अतुल जिंदल, एम्स ऋषिकेश से डॉ. लोकेश तिवारी,एम्स दिल्ली से नितिन धोचक, एम्स जोधपुर से डॉ. डेज़ी खेड़ा, प्रसिद्ध नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुशील गुप्ता, और गीतांजलि मेडिकल कॉलेज और अस्पताल से डॉ. रामकेश मीना सहित राजस्थान और देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

आदि बाजार सह आदि चित्रा मेला का शुभारंभ

उदयपुर, (निसं)। भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ मर्यादित (ट्राईफेड), क्षेत्रीय कार्यालय - जयपुर द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर भारतीय लोक कला मंडल, उदयपुर में जनजातीय संस्कृति को प्रदर्शित करने के प्रयासों के तहत एक विशाल दस दिवसीय जनजातीय उत्सव आदि बाजार सह आदि चित्रा मेला का उदयपुर विधायक तारा चन्द जैन एवं उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने फीता काटकर उदघाटन किया । इस अवसर पर विधायक तारा चन्द जैन ने कहा की प्रधानमंत्री के लोकल फार वोकल को बढावा देने से हमारे देश के हस्तशिल्प उत्पादो की बिक्री बढेगी । उदयपुर ग्रमीण विधायक फलसिंह मीणा ने सभी जनजाति हस्तशिल्प कारीगरो से कहा की आप सभी समन्वय स्थापित कर एक राज्य का उत्पाद को दुसरे राज्य में बिक्री करके अपनी आमदनी बढा सकते है । उन्होने कहा की उदयपुर पर्यटन स्थल है यहा अधिक संख्या में पर्यटक आते है उन्हे इस मैले से जोडने का प्रयास करना चाहिए जिससे सभी आदिवासी भाई बहन कारीगर अपने उत्पाद को अधिक से अधिक बिक्री कर सके ।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

विधि/वसूली विभाग, मंडल कार्यालय, उदयपुर, एलआईसी भवन तीसरा तल, सबसिटी सेन्टर, रेती स्टेण्ड के पास, उदयपुर
फोन नंबर: 0294-2688008/09/22/26, ई-मेल: cs8328@pnb.co.in

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि

अधोहस्ताक्षरकर्ता **श्री शैलेन्द्र कुमार वर्मा** ने **पंजाब नैशनल बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 सपठित, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में ऋणियों **मैसर्स करणी मार्बल एण्ड ग्रेनाईट्स जरिये पार्टनर्स एवं जमानतदार श्री प्रणवीर सिंह भाटी पुत्र श्री प्रेम सिंह एवं श्री पृथ्वीराज सिंह भाटी पुत्र श्री प्रेम सिंह** पर मांग सूचना **दिनांक 07.05.2024** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 30.04.2024 को बकाया राशि रू. 2,02,79,974.50 (रूपये दो करोड़ दो लाख उन्नासी हजार नौ सौ चौहतर एवं पैसे पचास मात्र) प्लस दिनांक 01.05.2024 से ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 05, माह अगस्त, वर्ष 2024** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।

कर्जदारों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 30.04.2024 को बकाया राशि रू. 2,02,79,974.50 (रूपये दो करोड़ दो लाख उन्नासी हजार नौ सौ चौहतर एवं पैसे पचास मात्र) प्लस दिनांक 01.05.2024 से ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **पंजाब